Dainik Jagran (29.09.2016)

वाईएमसीए में मनाई भगत सिंह जयंती

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं और गीत की प्रस्तुति दी और भगत सिंह के जीवन एवं बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकायाध्यक्ष, मानविकी एवं विज्ञान प्रो. राजकुमार तथा इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनीष वशिष्ठ ने की। कार्यक्रम का संयोजन निदेशक, युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी तथा सांस्कृतिक मामलों की प्रभारी डॉ. सोनिया बंसल ने किया।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि भगत सिंह जैसे महान देशभक्तों के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने भी शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. मनीष वशिष्ठ के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान गति एवं कविताओं की प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों में हरीश, अशीष, शुभम, रमनदीप, पुलकित, गुंजन तथा तमन्ना शामिल थे।

शहीद-ए-आजम भगत सिंह के चित्र पर मल्यार्पण करते हुए संकायाध्यक्ष, मानविकी एवं विज्ञान प्रो. राज कुमार एवं अन्य। जागरण

Hindustan (29.09.2016)

शहीदे आजम भगत सिंह के बलिदान को याद किया

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 109वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर विद्यार्थियों की ओर से देशभक्ति कविताएं और गीत प्रस्तुत किया गया। वहीं, भगत सिंह के जीवन एवं बलिदान को याद किया गया। इसकी अध्यक्षता संकायाध्यक्ष मानविकी एवं विज्ञान प्रो. राजकुमार और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनीष वशिष्ठ ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगत सिंह के चित्र पर मल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि भगत सिंह जैसे महान देशभक्तों के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए।

आयोजन

- विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीत और कविताएं पेश की
- वाईएमसीए में भगत सिंह की 109वीं जयंती मनाई मनाई

शहीदों को श्रद्धांजलि दी :अखिल भारतीय मौर्य महासभा ने उरी में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

वहीं गुड़गांव में भी बुधवार को शहीदे-आजम भगत सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पंजाब से युवाओं की टोली के साथ शहीदे आजम भगत सिंह के पौत्र यादवेंद्र सिंह जलियांवाला बाग से एवं शहीद चंद्रशेखर आजाद के पौत्र अमित आजाद धौला कुंआ पहुंचे।

Dainik Bhaskar (29.09.2016)

देशभक्ति के गीत प्रस्तुत कर छात्रों ने भगत सिंह को किया नमन

फरीदाबाद | वाईएमसीए साइंस एवं टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 109वीं जयंती मनाई गई। इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं और गीत की प्रस्तुति दी। इसके माध्यम से भगत सिंह के जीवन एवं बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकायाध्यक्ष, मानविकी एवं विज्ञान प्रो. राज कुमार व इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनीष वशिष्ठ ने की। इस मौके पर भगत सिंह के चित्र पर मल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संयोजन डा. प्रदीप डिमरी और सांस्कृतिक मामलों की प्रभारी डा. सोनिया बंसल ने किया। स्टूडेंट्स गतिविधियों का संचालन विनय सरोहा ने किया। शहीद भगत सिंह को नमन करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि भगत सिंह जैसे महान देशभक्तों के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कुलसचिव डा. संजय कुमार शर्मा ने भी शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रो. मनीष वशिष्ठ ने शहीद-ए-आजम के जीवन पर प्रकाश डाला।

फरीदाबाद. शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते वाईएमसीए विश्वविद्यालय टीचर।

Navbharat Times (29.09.2016)

जयंती मनाई

■ **वस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी फरीदाबाद की ओर से महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 109वीं जयंती मनाई गई। इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं और गीत की प्रस्तुति दी और भगत सिंह के जीवन एवं बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकायाध्यक्ष, मानविकी एवं विज्ञान प्रो. राज कुमार और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनीष वशिष्ठ ने की। कार्यक्रम का संयोजन निदेशक, युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी तथा सांस्कृतिक मामलों की प्रभारी डॉ. सोनिया बंसल ने किया।

Amar Ujala(29.09.2016)

वाईएमसीए में मनाई गई भगत सिंह की जयंती

फरीदाबाद (ब्यूरो)। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता एवं गीत प्रस्तुत किए। भगत सिंह के जीवन को याद किया गया। उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

अध्यक्षता मानविकी एवं विज्ञान के संकाय अध्यक्ष राजकुमार और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष मनीष वशिष्ठ ने की। संयोजन युवा कल्याण निदेशक डॉ प्रदीप डिमरी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ सोनिया बंसल ने किया। इवेंट कार्यक्रम का संचालन विनय सरोहा ने किया। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि भगत सिंह जैसे महान देशभक्तों के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। कुलसचिव डॉ संजय कुमार शर्मा ने भी शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।